राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–235/2023

राज्यपाल ने स्व० उपेन्द्र नाथ वर्मा की पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 28 अगस्त, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्व० उपेन्द्र नाथ वर्मा की पुण्य तिथि के अवसर पर श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव तथा अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्व० उपेन्द्र नाथ वर्मा को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर बिहार गीत की भी प्रस्तुति हुई।

....